में चर्चा होगी। इस प्रकार से मानव ही व्यापक में एक-एक को जाचने वाला, है मानव ही एक-एक के आचरण को पहचानने वाला है।
विश्वास है आपके सभी प्रश्नों का उत्तर सन्तुष्टि का श्रोत बनेगा जुलाई प्रथम सप्ताह में आप यहाँ रहेंगे। आयुष्मति अनुराधा आएगी, यह आपने स्पष्ट नहीं किया है अतः इसे स्पष्ट किजिए। आप हिमालय के किसी एक चोटी में हैं ही, आपके सम्मुख कार्य भी वैसा ही है।
शेष शुभ,

आपका,
A. N. Sharma

उत्तर नागराज जी द्वारा | 13/6/2001



## अशोक – प्रवीन के प्रश्न

① समाधानित होने के पश्चात धरती पर स्वराज्य होने के पश्चात क्या कार्य करने को शेष रहेगा।
उत्तर → स्वराज्य की निरन्तरता का कार्य सदैव रहेगा ही।

② जीवन - शरीर के संयोग का स्वरूप क्या है।
उत्तर → जीवन 5 वे माह में शरीर का संचालन सुरु कर देता है।

③ परमाणुओं में भिन्नता का आधार परिवेशिय अंश है या केन्द्रिय या दोनो।
उत्तर → परिवेशिय तथा केन्द्रिय अंशो की संरचना दोनो के आधार पर

④ जड में पाँच बलों का स्वरूप
उत्तर ① चुम्बकीय बल ④ क्षीण हस्तक्षेप
② गुरुत्वाकर्षण बल ⑤ मध्यस्थ बल
③ सामान्य हस्तक्षेप